# बिहार विधान-सभा वादवृत

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)।

मंगलवार, तिथि १८ दिसम्बर, १९७३

## विषय-सूची


प्रश्नों के लिखित उत्तर : सभा-नियमावली के नियम ४ (२) के परन्तुक के अनुसार प्रश्नों के लिखित उत्तरों का सभामेज पर रखा जाना।

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :

अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या : ६६, ६७, ६८ एवं ६९ — २—१०

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या। १४४, १४६, १४७, १५०, १५१, ६२८, ६६१, ६७४, एवं ६७५। — ११—४१

परिशिष्ट १ (प्रश्नों के लिखित उत्तर) : — ४२—९३

परिशिष्ट—२ तारांकित प्रश्न संख्या १५० से सम्बद्ध-सूची। — ९४

परिशिष्ट—३ षष्ठ बिहार विधान सभा के षष्ठ सत्र के ५५ अनागत तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर सभा मेज पर रखे गये। — ९५—१७८

परिशिष्ट—४ षष्ठ बिहार विधान-सभा के षष्ठ सत्र के १४२ अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर सभा मेज पर रखे गये। — १७९—४१७

परिशिष्ट—५ षष्ठ बिहार विधान-सभा के षष्ठ सत्र के ३९ अतारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर सभा मेज पर रखे गये। — ४१८—४७०

दैनिक निबंध — ४७१-४७२

वेतनमान में १९७२-७३ तक कुल ९३,४४० रुपया का दावा प्राप्त हुआ है जिसमें से अबतक ८१,७८० रुपया दिया जा चुका है। इस मद में शेष ११,६६० रुपया की मांग विश्वविद्यालय से आयी है जिसकी जाँच सरकार कर रही है। शिक्षकेतर कर्मचारियों का तदर्थ महंगाई भत्ता के मद पर १३,५१० रुपये का दावा प्राप्त हुआ है, जिनमें से ४,६१२ रु० का भुगतान किया जा चुका है। इन मदों में शेष ८,८९८ रु० की मांग विश्वविद्यालय से आयी है, जिसकी जाँच सरकार कर रही है।

(२) प्रश्न नहीं उठता है।

---

### आदिवासियों की संख्या

**अ-२५। श्री वैरागी उरांव**—क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) सन् १९५१, १९६१ एवं १९७१ ई० की जनगणना के आधार पर बिहार राज्य में आदिवासियों की जनसंख्या जिलावार अलग-अलग कितनी है;

(२) क्या आदिवासियों की जनसंख्या में कमी हुई है; यदि हां, तो इसका क्या-क्या कारण है?

**प्रभारी मन्त्री, जनजाति कल्याण विभाग**—(१) बिहार राज्य के आदिवासियों की जिलावार जनसंख्या की विवरणी संलग्न है।

(२) उत्तर नकारात्मक है। १९५१ एवं १९६१ की तुलना में १९७१ में आदिवासियों की कुल जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

# STATEMENT SHOWING TOTAL POPULATION OF SCHEDULED TRIBES.

| State/District. | Scheduled Tribe population according to 1951 census report. | Scheduled Tribe population according to 1961 census report. | Scheduled Tribe population according to 1971 census report. |
|---|---|---|---|
| Bihar State .... | 3,781,362 | 4,204,784 | 4,932,767 |
| Patna .... | 4,316 | 1,511 | 2,276 |
| Gaya .... | 5,720 | 593 | 1,538 |
| Shahabad .... | 16,093 | 22,174 | 38,726 |
| Saran .... | 452 | 89 | 1,433 |
| Champaran .... | 20,998 | 2,879 | 22,860 |
| Muzaffarpur .... | 1,952 | 39 | 766 |
| Darbhanga .... | 983 | 18 | 335 |
| Monghyr .... | 56,712 | 46,610 | 54,916 |
| Bhagalpur .... | 96,126 | 64,474 | 75,056 |
| Saharsa .... | 28,366 | 7,605 | 9,159 |
| Purnea .... | 1,18,145 | 1,20,713 | 1,55,813 |
| Santal Parganas | 1,037,167 | 1,023,088 | 1,154,281 |
| Palamau .... | 1,72,027 | 2,28,589 | 2,87,150 |
| Hazaribagh .... | 267,552 | 2,70,693 | 3,31,798 |
| Ranchi .... | 11,25,802 | 1,317,513 | 1,516,698 |
| Dhanbad .... | 114,529 | 128,385 | 155,645 |
| Singhbhum .... | 713,522 | 969,811 | 1,124,317 |

कर्मचारियों की संख्या।

अ-१६। श्री वैरागी उरांव—क्या मन्त्री, कार्मिक विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि कार्मिक विभाग में कुल कितने राजपत्रित एवं अराजपत्रित कर्मचारी हैं, उसमें आदिवासी एवं हरिजन कर्मचारियों की संख्या चारों श्रेणी में अलग-अलग कितनी है ?

**प्रभारी मन्त्री, कार्मिक विभाग**—राजत्रित पदाधिकारी—४३, अराजपत्रित पदाधिकारी—३७३।

कार्मिक विभाग में कार्यरत राजपत्रित तथा अराजपत्रित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनमें हरिजनों तथा आदिवासियों की विस्तृत विवरणी नीचे दी जाती है :—